घर खरीदारों के हितों की रक्षा करना प्राथमिकता : विवेक

पटना में आयोजित कार्यक्रम में रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह और रेरा महाराष्ट्र के अध्यक्ष अजय मेहता एक-दूसरे से विचार साझा करते हुए।

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। घर खरीदारों के हितों की रक्षा करना रेरा बिहार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेरा बिहार की सभी पहलों का उद्देश्य इस लक्ष्य को सर्वोत्तम संभव तरीके से प्राप्त करना है। रेरा बिहार अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने रेरा महाराष्ट्र के पदाधिकारियों के साथ बात करते हुए ये बातें कही।

रेरा बिहार ने अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए विशेष पहल रेरा की बातें शुरू की है। इसके तहत गुरुवार को महाराष्ट्र रेरा और बिहार रेरा के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे से जानकारी साझा की। दोनों संस्थाओं ने अपने यहां की परियोजनाओं और एजेंटों के पंजीकरण, पंजीकृत परियोजनाओं की निगरानी और शिकायत दर्ज करने और निपटान के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताया। रेरा महाराष्ट्र की टीम का नेतृत्व अध्यक्ष अजय मेहता ने किया। बिहार रेरा की ओर से अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह मौजूद रहे। बिहार रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा

- बिहार रेरा अध्यक्ष ने कहा, अन्य राज्यो की टीम को भी किया जाएगा आमंत्रित

कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य देश भर में अच्छी प्रथाओं को पहचानना और समझना है। उन्हें हमारी आवश्यकताओं के अनुसार अपनाना एवं बिना देरी किए उन्हें बिहार में लागू करना है। अन्य राज्यों के रेरा की टीमों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

रेरा महाराष्ट्र अध्यक्ष अजय मेहता ने कहा कि देश के अन्य रेरा को भी इस प्रथा को अपनाने की जरूरत है। यह सभी के लिए फायदेमंद होगा। बिहार रेरा सदस्य नूपुर बनर्जी ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरित भवनों की आवश्यकता पर जोर दिया। एसडी झा ने निबंधित परियोजनाओं की निगरानी पर जोर दिया। महाराष्ट्र रेरा सदस्य महेश पाठक ने कहा कि घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए पारदर्शिता महत्वपूर्ण है।